53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 20.3°c | अधिकतम 40.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:40, सूर्यास्त - 6:53 | वर्ष : 53/ अंक : 115 | रविवार, 27 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, अमावस्या | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

सिर्फ इंसान होना काफी नहीं इंसान के अंदर, इंसानियत का होना भी जरूरी है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

उत्तर प्रदेश अब माफिया मुक्त और अराजकता मुक्त होकर विकास की बुलंदियों को छू रहा है : योगी



इसीलिए....माफियाओं के संरक्षक फड़फड़ा रहे हैं.......




53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/ अंक : 115 | रविवार, 27 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, अमावस्या | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये



## स्कूल के बाहर गोली चलाकर छात्र को घायल करने वाले तीन बाल अपचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)।** शुक्रवार को सरकुलर रोड स्थित डीएस पब्लिक स्कूल के बाहर कुछ छात्रों द्वारा शौर्य बालियान पुत्र विकास बालियान के ऊपर गोली चला दी गयी थी, जिसमें शौर्य बालियान के पिता विकास बालियान ने जानकारी देते हुए बताया था कि शौर्य बालियान को फोन करके पहले बुलाया गया उसके बाद उसके सीने में गोली मारने की कोशिश की गयी। बचाव के समय उसके हाथ में गोली जा लगी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस को उक्त मामले की सूचना दी गयी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर उक्त मामले में तीन बाल अपचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा पुलिस इन तीन बाल अपचारियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पुलिस का बताना है कि घायल छात्र दसवीं कक्षा का छात्र है और किसी बात को लेकर उसका दो अन्य छात्रों के साथ कुछ दिन पहले विवाद हो गया था। उसी के चलते तीन बाल अपचारियों ने मिलकर शौर्य पर गोली चलाई, इनमें से दो बाल अपचारी जाट कॉलोनी व एक भरतिया कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस जल्द ही इन्हें गिरफ्तार कर लेगी।




# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 150 मीटर दूर जाकर गिरे शरीर के टुकड़े

देवबंद (सहारनपुर) 26 अप्रैल (वार्ता) उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के देवबंद कोतवाली क्षेत्र के जड़ौदा जट्ट गांव में चल रही लाइसेंसी पटाखे की फैक्ट्री में शनिवार सुबह विस्फोट हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में फतेहपुर निवासी राहुल कुमार (25), गुनारसा निवासी विशाल (22) और जड़ोदाजट निवासी विकाश (20) शामिल हैं। तीनों मृतक दलित वर्ग के हैं। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनी गयी और इसके कारण वहां हड़कंप मच गया। इसके बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। बाद में सहारनपुर के आला पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी मनीष बंसल ने पत्रकारों को बताया कि फैक्ट्री के संचालक तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। विस्फोट में करीब तीन लोगों की मौत हो गई हैं,जबकि कुछ लोगों को हल्की चोट आई है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

घटना से आक्रोशित आसपास के गांव के लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस- प्रशासनिक अधिकारी लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री ईगल फायर वर्क्स के नाम से संचालित थी, जिसे नफीस पुत्र महमूद कायस्थवाडा देवबंद समेत तीन लोग चला रहे थे। फैक्ट्री लालवाला गांव निवासी अंकित राणा पुत्र मामचंद की जमीन पर बनी है। जिलाधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री को पटाखों के लिए लाइसेंस मिला हुआ था। वास्तविकता में वहां किस प्रकार के पटाखों का निर्माण किया जा रहा था। वह फोरेंसिक टीम और जांच के बाद पता चलेगा। जिला मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रताप सिह ने बताया कि सहारनपुर पुलिस लाइन से बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच कर धमाके की प्रकृति का पता लगायेगा। जानकारी के मुताबिक उस फैक्ट्री में कुछ कर्मचारी आज सुबह छह बजे के करीब फटाखे बनाने की सामग्री का मिश्रण तैयार कर रहे थे, जिससे आने वाले श्रमिक पटाखे बनाने में उसका इस्तेमाल कर सकें। इसी दौरान यह धमाका हुआ और तीन दलित परिवारों के लालों का जीवन लील गया।











## छोटी-छोटी घटनाएं न करा दें साम्प्रदायिक बवाल, हल्की सी साइड लगने पर मामले को साम्प्रदायिक बनाने की कोशिश

**मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)।** छोटी-छोटी घटनाओं को अब साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। खतौली में शुक्रवार की रात केस समय मुस्लिम समाज के 10-12 युवकों ने एक युवक अक्षय व उसके डॉक्टर पिता को कार से खींचकर उनकी पिटाई की दी। पिटाई में डॉक्टर के पुत्र अक्षय का सिर भी फूट गया। दिन निकलते ही हिन्दू संगठनों के लोग इकट्ठा हुए तो तब जाकर पुलिस हरकत में आई और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार सठेड़ी गांव के रहने वाले डॉ. नरेन्द्र सिंह कस्बे के ढाकन चौक पर क्लीनिक खोलकर प्रैक्टिस करते हैं, जबकि उनके बेटे अक्षय राजपूत की पीज्जा की दुकान है। शुक्रवार की देर रात लगभग 10:30 बजे अक्षय व उसके डॉक्टर पिता नरेन्द्र अपनी गाड़ी पर सवार होकर घर लौट रहे थे। उनकी दुकान के पास ही उनकी टक्कर एक अन्य गाड़ी में लग गयी, जिसमें शोएब पुत्र अमीर आजम निवासी लाल मौहम्मद से अक्षय की कहासुनी हो गयी, इसी बीच चार पांच मुस्लिम युवक रिहान पुत्र रिजवान, शाहिद फकीरा पुत्र फैय्याज, शाहबाज पुत्र सीना निवासी मौहल्ला देवीदास ने अक्षय और उसके पिता डॉक्टर नरेन्द्र को खींचकर पिटाई शुरू कर दी। इतना ही नहीं पिटाई के दौरान इन सब युवकों ने साम्प्रदायिक तनाव फैलाने के लिए अक्षय राजपूत व उसके पिता पर हिन्दू होने के कटाक्ष भी किये। अक्षय के मुताबिक पिटाई करते हुए कश्मीर की घटना की टोंट भी उक्त युवकों द्वारा कसी गयी। इसी बीच बीच-बचाव में जब विवेक रहेजा नाम के व्यक्ति आए तो उनसे भी मारपीट व गाड़ी पर पत्थरबाजी की गयी। बवाल के बाद भाजपा नेता प्रवीण ठकराल को जब इस बात की जानकारी मिली तो उनकी अगुवाई में थाने पहुंचकर पूरा घटनाक्रम बताया गया। अक्षय राजपूत की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ रूपाली राय ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी रिहान, शाहिद फकीरा पुत्र फैय्याज को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य लोगों की तलाश में दबिश दी जा रही है।





## बेटी हुई मां-बाप के खिलाफ, बोली मां-बाप द्वारा किये गए रिश्ते से है नाराज

### ▶ वीडियो वायरल कर मां-बाप पर लगाया पैसा लेकर रिश्ता करने का आरोप ▶ वन स्टॉप सेंटर सुरक्षित भेजी गयी युवती

**मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)।** पता नहीं मां-बाप अच्छे नहीं हैं या औलादें ही खुदगर्ज हो चुकी हैं। यह सच्चाई तो भगवान ही जानें, मगर इस समय देश में सामाजिक तानों-बानों का माहौल जैसा हो रहा है, वह बड़ा ही चिंताजनक है। कहीं मां-बाप बच्चों की वजह से परेशान हैं तो कहीं बच्चे मां-बाप की वजह से। रतनपुरी थाना क्षेत्र का एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जिसमें रतनपुरी थाना क्षेत्र के कैलाशपुर की रहने वाली साक्षी पुत्री राजेन्द्र ने एक वीडियो जारी कर अपने ही माता-पिता पर जमकर आरोप लगाए। आरोपों की झड़ी में साक्षी ने बताया कि उसके माता-पिता ने जहां उसका शादी के लिए रिश्ता किया है, वह लड़का दहेज के मामले में आरोपी है। वह ऐसे युवक से शादी नहीं करना चाहती, साथ ही साथ साक्षी ने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी उसके माता-पिता ने उसका रिश्ता सिसौली के एक युवक से कर दिया था, उससे भी उसके माता-पिता द्वारा रुपये लिए गए थे। साक्षी ने अपनी वीडियो जारी कर-के उक्त शिकायत मुख्यमंत्री व महिला आयोग से की तो वीडियो देखने के बाद तुरन्त पुलिस रात्रि में ही साक्षी के घर पहुंची और उसे परिजनों से बंधनमुक्त कराकर वन स्टॉप सेंटर पर सुरक्षित भेजा गया। फिलहाल साक्षी द्वारा लगाए गए आरोपों की पूरी जांच पुलिस कर रही है। यदि साक्षी द्वारा लगाए गए आरोप सत्य पाए गए तो माता-पिता के विरुद्ध साक्षी के बयानों के आधार पर कार्यवाही भी हो सकती है।



## बैकफुट पर पाकिस्तान, पहलगाम हमले की जांच के लिए तैयार

**इस्लामाबाद, 26 अप्रैल (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान जाने के बाद भारत सरकार लगातार एक्शन मोड में हैं। इस हमले में पाकिस्तान का हाथ सामने आने के बाद भारत सरकार ने सिंधु नदी समझौता स्थगित कर दिया है, वहीं पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दे दिया है। भारत के एक्शन से पाकिस्तान अब खौफ में है, क्योंकि अब उसके बूंद-बूंद तरसने की नौबत जो आने वाली है। इस बीच पाकिस्तान के तेवर अब नरम पड़ते दिखाई दे रहे हैं। पाकिस्तान अब पहलगाम हमले की जांच के लिए तैयार हो गया है। पीएम शहबाज शरीफ ने कहा है कि हमले की तटस्थ जांच के लिए वह तैयार है। भारत के एक्शन के बाद जो पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई की बात कह रहा था, उसके तेवर अब ढीले पड़ते दिखाई दे रहे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की "तटस्थ जांच" के लिए तैयार हैं। बता दें कि इस हमले में एक नेपाली नागरिक समेत 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। शहबाज शरीफ ने कहा है कि पहलगाम हमला लगातार चल रहे दोषारोपण के खेल का एक और उदाहरण है, जिसे पूरी तरह से बंद किया जाना चाहिए।

### फर्जी पाया गया दुष्कर्म के बाद धर्म परिवर्तन कराने का मामला

**मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)।** 21 अप्रैल को हिन्दू संगठन के पदाधिकारी नरेन्द्र पंवार व उनके अन्य सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ हरिद्वार जनपद के बहादराबाद की रहने वाली युवती ने मुजफ्फरनगर शहर कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी मुलाकात एक सोनू नाम के युवक से हुई थी, जिसमें सोनू ने अपना धर्म छिपाकर उसे प्रेमजाल में फंसाया। आरोप था कि उसके साथ दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो बनाई गयी तथा अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी भी कथित सोनू द्वारा दी गयी। उक्त मामले में देवबंद के रहने वाले बाबर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज क गयी, जिसमें एएसपी राजेश घुनावत ने मामले की जांच कराई तो पता लगा कि युवती के आरोप फर्जी लग रहे हैं। पीड़िता व बाबर के मोबाइल की सीडीआर व लोकेशन खंगाली गयी तो नामजद किये गए आरोपी की लोकेशन मुजफ्फरनगर की ही निकली। गहनता से जांच के बाद पता लगा कि बाबर से रुपये ऐंठने के लिए उसके बहनोई शाहनवाज उर्फ नवाज दधेड़ू गांव थाना चरथावल व पूर्व प्रधान सदाकत निवासी बड़ीवाला थाना छपार ने उक्त पूरी साजिश रची थी। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने बाबर से सवा लाख रुपये भी लिये थे। पूरे मामले की जांच के बाद बाबर को क्लीन चिट दे दी गयी। वहीं पुलिस ने उक्त षड़यंत्र रचने वाले बाबर के बहनोई शाहनवाज व सदाकत को गिरफ्तार कर उनसे 20 हजार रुपये भी बरामद किये हैं।

## बिंदल पेपर मिल में खोई से भरे यार्ड में लगी आग



**मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)।** शनिवार को शाम लगभग चार बजे बिंदल पेपर मिल के खोई से भरे यार्ड में अचानक आग लग गयी। पेपर मिल के कर्मचारियों ने बताया कि पेपर मिल की बाउंड्री से बाहर खेत में सफाई के लिए आग लगाई गयी थी मगर हवा के कारण चिंगारी बिंदल पेपर मिल के खोई के यार्ड में पहुंच गयी और हवा के चलते ही आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की सूचना से पेपर मिल में हड़कम्प मच गया। सूचना पर सीएफओ अनुराग कुमार दो गाड़ियों सहित बिंदल पेपर मिल पहुंचे जहां आसपास के पेपर मिलों के आठ अन्य टैंकर बुलाकर आग पर काबू पाया गया। सीएफओ अनुराग कुमार का बताना है कि लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, क्योंकि हवा के कारण बुझाई गयी आग भी बार-बार सुलग रही थी। जेसीबी मशीन की मदद से खोई को बार-बार उलट-उलटकर उस पर पानी डाला गया, उसके बाद कहीं जाकर आग पर काबू पाया गया।

## नूंह: एक्सप्रेसवे पर सफाई कर रहे 10 लोगों को तेज रफ्तार गाड़ी ने रौंदा, 6 की दर्दनाक मौत..

**हरियाणा, 26 अप्रैल (एजेंसी)।** हरियाणा के नूंह जिले से गुजरने वाले दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में 6 सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई है, वहीं, 5 सफाई कर्मचारी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र के इब्राहिम बास गांव के पास हुई है। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सफाई कार्य में जुटे कर्मचारियों को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में 6 सफाई कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा शनिवार सुबह करीब 10 बजे हुआ। सुबह 10 सफाई कर्मचारी एक्सप्रेस-वे पर सफाई कार्य कर रहे थे। अचानक आई तेज रफ्तार पिकअप ने इन कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वहां चीख पुकार मच गई। आस-पास के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे, लेकिन 6 सफाई तब तक दम तोड़ चुके थे। वहीं, पांच घायल कर्मचारी मदद मांग रहे थे। सभी घायलों को स्थानीय लोगों ने पास के अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवा दिया है। चश्मदीदों की मानें तो हादसा बहुत ही भयानक था। अचानक से हमें जोरदार आवाज आई। फिर देखा कि तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सफाईकर्मचारियों को कुचल दिया है। लोग मदद के लिए चीख रहे थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। देखते ही देखते सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई। एंबुलेंस, रोड सुरक्षा एजेंसी के वाहन और पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं। हादसे की भयावहता ऐसी थी कि आसपास के लोग स्तब्ध रह गए।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, एक ही परिवार के तीन की मौत, छह घायल

**चतरा, 26 अप्रैल (एजेंसी)।** चतरा जिले के इटखोरी मुख्य पथ स्थित गंधरिया बहेरा कोचा के पास अनियंत्रित स्कॉर्पियो पेड़ से जा टकरायी। इससे वाहन में सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, वहीं छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया। सड़क हादसे की सूचना सदर पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद शवों को गाड़ी से बाहर निकाला और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

## ईरान के बंदरगाह पर भीषण धमाका, 5 की मौत, 700 से ज्यादा घायल; कई किमी दूर तक दिखा तबाही का मंजर

तेहरान 26 अप्रैल (वार्ता) ईरान के दक्षिणी प्रांत होर्मोजगन में एक बंदरगाह पर शनिवार को हुए एक बड़े विस्फोट में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 700 से अधिक अन्य घायल हो गए। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने कहा कि विस्फोट शाहिद राजाई बंदरगाह पर एक गैस टैंक में हुआ, जिससे आस-पास की इमारतों और कारों को भारी नुकसान हुआ। प्रांतीय संकट प्रबंधन संगठन के महानिदेशक मेहरदाद हसनजादेह ने फार्स के साथ एक साक्षात्कार में हताहतों की संख्या की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस घटना में घायल हुए लोगों को प्रांत के दक्षिणी बंदरगाह शहर बंदर अब्बास के विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में भर्ती कराया गया है। चीन के महावाणिज्य दूतावास के अनुसार बंदर अब्बास में विस्फोट में तीन चीनी नागरिकों को मामूली चोटें आईं। चिकित्सा उपचार के बाद अब वे अच्छी स्थिति में हैं। बाद में फार्स को दिए गए बयान में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संगठन के प्रवक्ता होसैन जाफरी ने कहा कि विस्फोट बंदरगाह पर एक कंटेनर में रासायनिक पदार्थों के कारण हुआ था। इस बीच, ईरानी सरकार की प्रवक्ता, फतेमेह मोहजेरानी ने संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच पूरी करने से पहले घटना के कारण के बारे में किसी भी ह्यजल्दबाजी में अटकलेंह्न लगाने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अब तक जो पुष्टि हुई है वह यह है कि बंदरगाह के एक कोने में संभवतः रासायनिक पदार्थों से भरे कंटेनर थे। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि घटनास्थल पर त्वरित प्रतिक्रिया और बचाव दल भेजे गए हैं और बंदरगाह की सभी गतिविधियाँ निलंबित कर दी गई हैं, साथ ही घायलों की संख्या बढ़ने की संभावना है।







1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## पाकिस्तान में खौफ, बौखलाहट

पाकिस्तान में इस बात का खौफ है कि कभी भी भारत हमला कर सकता है। सिर पर लटकी इस खौफ की तलवार का असर ये है कि वहाँ के नेता बौखलाहट का शिकार हो गए हैं और अहमकाना बयानबाजी कर रहे हैं। भारत से खौफ का असर ये है कि जिस शैतानी संगठन ने पहलगाम बर्बर हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी, वह अब मुकर गया है। पाकिस्तान पर शैतानियत इस कदर सवार है कि वहाँ के नेता, वहाँ के अफसर, वहाँ के खिलाड़ी सब अंट-शंट बयानबाजी कर रहे हैं। बिलावल भुट्टो भी बिलबिला रहे हैं। बिलावल भुट्टो को पाकिस्तान का राहुल गांधी कहा जाता है। बिलावल भुट्टो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, हम किसी को भी सिंधु पर सौदेबाजी नहीं करने देंगे। अपनी कमजोरियों को छुपाने और जनता को मूर्ख बनाने के लिए मोदी सरकार पाकिस्तान पर झूठे आरोप लगाकर सिंधु जल संधि को एकतरफा तौर पर निलंबित कर रही है, लेकिन मैं सुक्कुर में सिंधु नदी के किनारे खड़ा होना चाहता हूं और भारत को स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं कि सिंधु नदी हमारी है और हमारी ही रहेगी। इस सिंधु से या तो हमारा पानी बहेगा या तुम्हारा खून। इस तरह की अहमकाना बयानबाजी चल रही है पाकिस्तान में। बिलावल भुट्टो की इस बिलबिलाहट पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पलटवार किया और कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला था। पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना होगा। अभी तो शुरूआत हुई है। पाकिस्तान को बड़ी कीमत चुकानी होगी। बिलावल भुट्टो बेवकूफ है, पानी नहीं मिलेगा, तो ऐसे ही चिल्लाता रहेगा। भारत के गुस्से से इस समय पाकिस्तानी सेना में भी बौखलाहट का माहौल है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि पुंछ के पास पाकिस्तानी सीमा में स्थित कोटली इलाके में पाकिस्तानी फौजियों को देखा गया है, जिनके पास हथियार तो हैं, लेकिन फिर भी वे डरे हुए हैं। पाकिस्तान के कोटली इलाके में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास पठानी सूट में सिविल कपड़े पहनकर हथियार लेकर पाकिस्तानी आर्मी के जवान मुआयना कर रहे हैं। हथियार को शॉल के अंदर छुपाकर इलाके की पूरी रेकी कर रहे हैं। इस बात की जानकारी मिल रही है कि पाकिस्तानी आकाओं ने अपने आतंकियों और जवानों को पास के गाँव की तरफ मिक्स कर दिया है, ताकि भारतीय सेना अगर अटैक करे, तो भारत को स्थानीय लोगों पर हमले का जिम्मेदार ठहरा सके। जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग इलाकों में सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है, इस समय कई खाली पड़ी इमारतों की भी तलाशी ली जा रही है। इंटेलिजेंस को लगातार सीक्रेट इनपुट मिल रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमन्त्री रेवंत रेड्डी ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांट देना चाहिए और पीओके पर भारत को कब्जा करना चाहिए। सीएम की तरफ से पीएम मोदी से यह सीधी अपील की गई है। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा है कि हम पहलगाम में 26 हिंदुओं को निशाना बनाकर किए गए भीषण इस्लामी आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता से खड़े हैं। मेरी प्रार्थनाएं और गहरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजन खो दिए हैं, प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और भारत के सभी लोगों के साथ हैं। हम आपके साथ हैं और इस जघन्य हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की तलाश में आपका समर्थन करते हैं। पाकिस्तान के अधिकारी की हरकत भी सामने आई है। लंदन स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भारतीय मूल के सैकड़ों लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पाकिस्तान के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने प्रदर्शनकारियों की ओर गला काटने का इशारा करके आग में घी डालने का काम किया। पाकिस्तानी अधिकारी एक हाथ में भारतीय वायुसेना के पायलट अभिनंदन वर्धमान का पोस्टर लिए हुए था। पाकिस्तानी अधिकारी की यह हरकत बताती है कि वहाँ नेताओं की तरह अधिकारी भी जहालत का शिकार होकर शैतान के शिकन्जे में फंसते जा रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इंटरनेट यूजर्स गला काटने का इशारा करने के लिए पाकिस्तानी अधिकारी की जमकर आलोचना कर रहे हैं। वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कई सोशल मीडिया यूजर्स ने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों एवं राजनयिकों में शिष्टाचार की कमी स्पष्ट झलक रही है। उनका कहना है कि ऐसे पद पर बैठे अधिकारियों से सामान्य शिष्टाचार की उम्मीद की जाती है, लेकिन पाकिस्तान के राजनयिक और सैन्य अधिकारी भी जाहिल मालूम पड़ते हैं। पाकिस्तानी अधिकारी के गला काटने के इशारे वाले वीडियो में दिख रहे सैन्य अधिकारी की पहचान पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात तैमूर राहत के रूप में की गई है। भारतीय और यहूदी समुदाय के 500 से अधिक सदस्य लंदन स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर एकत्रित हुए और पहलगाम नरसंहार के खिलाफ आवाज उठाई। पाकिस्तानी हाई कमीशन के सामने मौजूद एक भारतीय-यहूदी प्रदर्शनकारी ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि हम भारत का समर्थन करते हैं, क्योंकि हम एक ही दुश्मन का सामना कर रहे हैं, इस्लामी कट्टरपंथ के आतंकवाद का, पहलगाम में जो हुआ, उसने हमें इजरायल पर हमास के हमले की याद दिला दी। पहलगाम हमले की दुनिया भर में व्यापक निंदा हो रही है। गला काटने का इशारा करने वाले अधिकारी की निंदा करते हुए दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि वह पहले अपनी गर्दन बचाए। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि पाकिस्तान और क्या कर सकता है? उसके सिर पर प्रलय मंडरा रहा है। फिर भी उसके अधिकारी निर्दोष लोगों का सिर काटने की धमकी दे रहे हैं, जो लोग दूतावास के बाहर धमकी दे रहे थे, उनकी एक-एक करके पहचान की जाएगी। इंग्लैंड में भी उनसे जवाब मांगा जाएगा। भारत ने पहलगाम हमले के बाद जो कदम उठाए हैं और जो उठाए जाएंगे, उनका असर देर तक रहने वाला है। उनकी धमक देर तक सुनाई देगी। वीजा रद्द होने के भी परिणाम सामने आ रहे हैं। ऐसे पाकिस्तानी भी पकड़ में आ रहे हैं, जिनका वीजा कब का खत्म हो चुका, जो अपने रिश्तेदारों की मदद से यहीं जम गए थे। भारत सरकार के वीजा रद्द करने से भारत विरोधियों की तादाद सामने आने लगी है। इसके लिए बिना वीजा के यहाँ रहने वाले पाकिस्तानी तो दोषी हैं ही, उनकी मदद करने वाले भी गुनहगार हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'शक्ल' 'मुखौटे' 'फूल' 'बम'

घड़ियाली हैं आंसू इसके, शक्ल पे खूब मुखौटे हैं,  
तुम इसका विश्वास न करना चाहे तवे पर बैठा हो।  
शैतानों के हर चेले को देख के ऐसा लगता है,  
जैसे कोई फूल के हार में बम को रख कर बैठा हो।

## भाजपा हाईकमान ने की मंडल प्रभारी व जिला प्रतिनिधियों की घोषणा




मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)। उत्तर प्रदेश के भाजपा संगठन के चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय की संस्तुति पर शनिवार देर सायं जिला चुनाव अधिकारी पूरन लाल लोधी ने जनपद के मंडल प्रभारी एवं जिला प्रतिनिधि घोषित कर दिए हैं। जनपद मुजफ्फरनगर के नवनियुक्त भाजपा के मंडल प्रभारियों में सदर विधानसभा सीट की महावीर/ नई मंडी मंडल का अध्यक्ष जहां एक ओर प्रवीण खेड़ा को मनोनीत करते हुए जिला प्रतिनिधि का जिम्मा पंकज माहेश्वरी को सौंपा है। वहीं बुढ़ाना विधानसभा से सौरम मंडल का मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा व जिला प्रतिनिधि डॉ. सतीश सैनी को बनाया है। इसके अलावा चरथावल विधानसभा के चरथावल मंडल से गोपाल पाल मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि मनीष गर्ग, पुरकाजी विधानसभा सुरक्षित से पीनना मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार कश्यप व जिला प्रतिनिधि जय कुमार को बनाया है। वहीं बरला मंडल में अंकुर त्यागी मंडल अध्यक्ष व प्रवीण चौधरी जिला प्रतिनिधि बनाए गए है। पुरकाजी मंडल से अजय पंवार मंडल अध्यक्ष व मनोज जोधा को जिला प्रतिनिधि बनाया है। इसके साथ खतौली विधानसभा बडसू मंडल से अध्यक्ष विकास कुमार चौहान व जिला प्रतिनिधि यशपाल प्रधान और मंसूरपुर मंडल के अध्यक्ष योगेन्द्र चौधरी और यश गोयल को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है।




## मुजफ्फरनगर डेंटल एसोसिएशन ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बुस.)। मुजफ्फरनगर डेंटल एसोसिएशन के समस्त चिकित्सकों ने मुजफ्फरनगर के जीआईसी मैदान में पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों के ऊपर हुए क्रूर और वीभत्स आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि यह हमला ना केवल पर्यटकों पर हुआ हमला है बल्कि एक सभ्य समाज और देश के ऊपर हुआ हमला है। सभी चिकित्सकों ने जीआईसी मैदान में मोमबत्ती जलाकर और मौन धारण करके दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की। सभी चिकित्सकों ने पीड़ित परिवारों की प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की और सरकार से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की पुरजोर अपील की, क्योंकि सभ्य समाज में इस प्रकार की आतंकी घटनाओं का कोई स्थान नहीं है। डॉ. अंबुज अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस प्रार्थना सभा में डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. शोभित मिश्रा, सचिव डॉ. अनुभव अग्रवाल, महिला कोऑर्डिनेटर डॉ. अंकिता सिंह, सोशल वेलफेयर कोऑर्डिनेटर डॉ. आदित्य, कल्चरल एक्टिविटीज कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रियंका नारंग और डॉ. निधि गर्ग, मीडिया प्रभारी डॉ. स्वाति वर्मा, डॉ. रितु, डॉ. विन्नी, डॉ. वंदना, डॉ. प्रियाती, डॉ. अंकिता यादव, डॉ. कंचन, डॉ. रविंद्र पाल सिंह, डॉ. मनु गर्ग, डॉ. वैभव सिंह, डॉ. प्रतीक त्यागी, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. बैकुंठ अग्रवाल, डॉ. विपुल यादव, डॉ. वासु तायल डॉ. अखिल देशवाल मौजूद रहे।

## आतंकवादी हमले की निंदा, कड़ी कार्रवाई की उठाई मांग



मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)। संयुक्त विकास शोषित कल्याण संघ के बैनर तले शनिवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा डीएम कार्यालय पहुंच जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक मांग पत्र सौंपा गया। प्रशासन को सौंपे मांग पत्र में कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने बीते दिवस जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने की मांग की। उन्होंने देश में बढ़ती घटनाओं को रोके जाने के लिए कड़े कदम उठाने के साथ भविष्य में ऐसी घटनाएं न होने पाए इसके लिए काम किए जाने की जरुरत पर बल दिया। शनिवार को संयुक्त विकास शोषित कल्याण संघ के दर्जनों पदाधिकारियों ने मौ. नौशाद अल्वी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपे मांग पत्र में पहलगाम की घटना को दुःखदायी बताते हुए दोषियों को चिन्हित किए जाने के साथ इसके पीछे पाकिस्तान का हाथ होने के आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ और कड़े कदम उठाए जाने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को करने से पहले उसे कई बार सोचना पड़े। इस दौरान विशाल बंसल, राजा, हिमांशु, करन, कृष्णा, सोमपाल, जाहिद, रियाज, नसीम सैफी, दानिश, मौ. इरशाद, शौकीन, इन्तजार, सोम पाल, आस मौहम्मद आदि मौजूद रहे।



## सेवानिवृत्ति पर विजय शर्मा को दी कॉलेज प्रबंधन ने विदाई

मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)। प्रदेश के वरिष्ठ प्रधानाचार्य और उ. प्र. प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा को उनकी सेवानिवृत्ति पर कॉलेज प्रबंधन की ओर से विदाई दी गई। दीपचन्द्र ग्रेन चैंबर इंटर कॉलेज नई मंडी की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष महेश कुमार, प्रबंधक विनोद संगल, उपप्रबंधक डॉ. अशोक कुमार और कार्यवाहक प्रधानाचार्य चंद्रभान ने कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा को विद्यालय प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित करते हुए विदाई दी। इस अवसर पर विजय शर्मा के 26 वर्षों के सफल कार्यकाल की चर्चा करते हुए प्रबंधक विनोद संगल, उपाध्यक्ष महेश कुमार ने सेवानिवृत प्रधानाचार्य के कार्य काल में विद्यालय को शिखर पर पहुंचाने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी विद्यालय के विकास हेतु उनके सहयोग की अपेक्षा की गई। इस अवसर पर श्री शर्मा की धर्मपत्नी मधु शर्मा व परिवारजन, जीसी पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. एमके गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, नीरज कुमार, प्रबन्ध समिति के सदस्य और समाजसेवी राम निवास संगल, विद्यालय परिवार के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन वाजिद अली प्रवक्ता ने किया।

## चेयरपर्सन ने नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करने के साथ किया मेधावियों को सम्मानित




मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)। नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज में पहुंची कॉलेज प्रबंधक एवं पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर परीक्षा में उत्तीर्ण होने के साथ ही कॉलेज में टॉपर रही छात्राओं को सम्मानित किया। वहीं उन्होंने कॉलेज में आयोजित नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि किसी को स्वास्थ्य लाभ देना बड़ा पुण्य का काम है। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने मेधावी छात्राओं को कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रेरित करने के साथ उपलब्धि से वंचित रहने पर उनके द्वारा अन्य छात्राओं को भी बेहतर परिणाम के लिए परिश्रम का मार्ग चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या सुमित्रा सिंह ने पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के साथ ही छात्राओं के अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं में छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल की परीक्षा में छात्रा अंशी ने 80 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज में प्रथम, नाजिया 79.83 प्रतिशत दूसरे और हीना 79.16 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही हैं। हाईस्कूल में कॉलेज का परीक्षा परिणाम 97.79 रहा है। इसी प्रकार इंटर में छात्रा वसुधा कॉलेज में टॉपर रही हैं। वसुधा ने 79.8 प्रतिशत, अलीशा ने 74.04 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे और अक्शा ने 69.8 प्रतिशत अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। इसके साथ कन्या विद्यालय में संपन्न नेत्र चिकित्सा शिविर में शिक्षिकाओं व छात्राओं के नेत्रों का परीक्षण करते हुए उनको स्वास्थ्य लाभ दिलाया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् के प्रांत प्रभारी अनिल कंसल व अभिषेक ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई और सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद प्रकट किया।

## खतौली के मेधावी छात्र-छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया




मुजफ्फरनगर, 26 मार्च (बु.)। विगत दिवस घोषित इन्टरमीडिएट व हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में नगर क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं ने उच्च अंक प्राप्त करके नगर का गौरव बढ़ाया है। मिली जानकारी के अनुसार श्री देवी मन्दिर कन्या विद्यालय का परीक्षा परिणाम सन्तोषजनक रहा। इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रतिभागी 155 छात्राओं में 139 छात्राएं उत्तीर्ण रही जबकि छात्रा फरहा नाज ने 79 प्रतिशत, सुमैय्या ने 78.40, महक ने 76.20, शिवानी ने 77 प्रतिशत, सानिया ने 75 व कोमल ने 75.30 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। हाईस्कूल परीक्षा में कुल 158 छात्राओं में 152 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। वहीं छात्रा नमरा सैफी ने 86.83 प्रतिशत, अलशिफा ने 84 प्रतिशत, व मोहिनी ने 83.67 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबन्धक हरशरण गुप्ता व प्रधानाचार्य डॉ० कविता गुप्ता द्वारा मेधावी छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की है। दूसरी ओर नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शिशु शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलिज बुढ़ाना रोड का परीक्षा परिणाम नगर का गौरव साबित दिखायी दिया। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की छात्रा अलीशबा पुत्री आज़ाद ने परीक्षा परिणाम में 92.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जनपद में द्वितीय, मदीहा पुत्री हाजी फैजान ने 91.17 प्रतिशत अंक के साथ जनपद में सातवां स्थान व वैष्णवी कश्यप पुत्री रविन्द्र कुमार ने 90.67 अंक प्राप्त करके जनपद में दसवां स्थान प्राप्त करके नगर का गौरव बढ़ाया है। वहीं विद्यालय के 31 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत व उसके अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य कान्ता स्वरूप सिंघल, चिराग सिंघल सहित सोनिया सिंघल सहित शिक्षकगणों द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की सरहाना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई है। मेधावी छात्र-छात्राओं के परिजनों द्वारा भी विद्यालय पहुंचकर विद्यालय के शिक्षक गणों का आभार व्यक्त किया गया।

### मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1280-1320, चाकू 1450-1750, लड्डू 1560-1621, खुरपापाड़ 1420-1500, शक्कर मसाला 1600-1650, आमद- 4000 मन।

### सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 97,700 | चांदी- | 98100 |
| सिक्का- | 11800 | गिन्नी- | 72790 |

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र तुषार व उसकी पत्नी खुशी हर समय परिवार में कलह रखते है और लड़ाई-झगड़ा करते हैं। कई बार समझाए जाने के बाद भी इनकी आदतों में कोई सुधार नहीं है। इसी कारण मैं इन दोनों, तुषार व उसकी पत्नी खुशी को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिए मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

रमेश कुमार तनेजा  
पुत्र स्व.श्री नारायण दास  
निवासी- गली नं. 16, गांधी कॉलोनी  
थाना- नई मण्डी, मुजफ्फरनगर



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।  
सम्पादक-अंकुर दुआ  
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840  
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929  
सम्पादक-9412210257  
E-mail :  
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in  
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

### नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 अप्रैल 2025, दिन सोमवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैंप में

- पित्त की थैली में पथरी, अपेंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगों का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा सम्बंधित रोग जैसे बवासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी.एस.ए. (गदूद के कैंसर की जाँच) | ऑपरेशन पर भारी छूट | नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री (पेशाब की धार की जाँच)

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय

28 अप्रैल 2025, सोमवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779

रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

## जनसहयोग के बिना स्वच्छता सम्भव नहीं - अटल कुमार राय

### - मंडलायुक्त सहारनपुर ने शुकतीर्थ में दिलाई गंगा स्वच्छता की शपथ



भोपा, 26 अप्रैल (बु.)। शुकतीर्थ में गंगा घाट पर पहुंचे मंडलायुक्त सहारनपुर अटल कुमार राय के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें अधिकारियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, स्कूली बच्चों, गुरूकुल के छात्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं, साधु-संतों सहित ग्रामीणों ने भारी संख्या में भाग लिया। जहां मुख्य गंगा घाट पर विशेष गंगा स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा बैठक कर शुकतीर्थ के विकास को लेकर आपसी समन्वय कायम करने को लेकर चर्चा की गई। तीर्थनगरी शुकतीर्थ में शनिवार को सुबह सवेरे आयोजित कार्यक्रम में मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने कहा कि हमें स्वच्छता की आदत डालनी होगी। जनसहयोग के बिना स्वच्छता सम्भव नहीं है। तीर्थ स्थलों के लिए स्वच्छता अति आवश्यक है। वहां पर गंदगी न डाली जाए। धार्मिक स्थल की पवित्रता बनाए रखने के लिए श्रद्धालु कूड़ा कचरा इधर-उधर न फेकें। शुकतीर्थ के विकास को लेकर शासन प्रशासन लगातार प्रयासरत है। शुकतीर्थ के आश्रम अपने शिखर को सुन्दर बनाएं तथा उन पर रंग बिरंगी लाईट की व्यवस्था करें, जिससे श्रद्धालु इस ओर आकर्षित हों। शुकतीर्थ के विकास में यहां की धार्मिक महत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है। भागवत उद्गमस्थली के इतिहास व उसके महत्व को दर्शाते हुए निर्माण कार्य कराए जाएंगे। तीर्थनगरी में मार्गों पर अतिक्रमण करनेवालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण करनेवाले स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें अन्यथा दण्ड सहित कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाएं। शुकतीर्थ को विश्वस्तरीय ऐतिहासिक स्थल बनाना है, जिसके लिए शुकतीर्थ के प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। सभी के अंदर ये भाव पैदा करना है कि नगरी में कोई गंदगी न फैलाए। शुकतीर्थ को पर्यटन नगरी बनाना है। लोगों के अंदर गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूकता लानी है। जागरूकता और जनसहयोग से ही सब कार्य पूर्ण हो सकते हैं। एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा ने बताया कि शुकतीर्थ के विकास को लेकर शासन को पार्किंग, द्वार का निर्माण, लाईट, भागवत भवन, भागवत म्यूजियम, भागवत थीम पार्क, बोटिंग पार्क, नए पुल का निर्माण, भूमिगत विद्युत लाईन, ड्रेनेज, कूड़ा निस्तारण आदि प्रस्ताव भेजे गये हैं। कार्यक्रम में इंटर कॉलेज भोकरहेड़ी, किसान मजदूर इंटर कॉलेज चौरावाला, इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मोरना, जेपीएस मोरना, एसडी इंटर कॉलेज शुकतीर्थ, सुमेरसिंह पब्लिक स्कूल फिरोजपुर, गुरूकुल शुकतीर्थ के शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह, एसडीएम संजय सिंह, तहसीलदार सतीशचंद बघेल, नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

### आवश्यकता है

शहर की प्रतिष्ठ ज्वैलरी कंपनी के लिए  
Sales Executive-02  
Qualification- Graduate/MBA  
Experience Minimum 3 YEARS IN SALES  
Contact No.  
9997915861, 9219616420  
Tanmay Jain | Manoj Pundir  
SEND ME CV  
SALARY योग्यतानुसार

### किराये हेतु

FOR RENT  
एक 3 BHK फ्लैट  
1st Floor  
किरन सिटी, इवान हॉस्पिटल के पास किराए हेतु उपलब्ध है।  
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें-  
M.9368320288

### Required

1. H.R. Assistant
2. Nursing Staff
3. Store Keeper

Contact:  
VARDHMAN HOSPITAL  
Jansath Road, Muzaffarnagar  
Between: 3:00 pm to 5:00pm

## परशुराम शोभायात्रा के दौरान फरसे लेकर न चलें युवाः स्वामी श्रीभगवान



मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)। सनातन धर्म सभा भवन में स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज की अध्यक्षता में ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें रविवार 27 अप्रैल को नगर में निकलने वाली भगवान परशुराम जी की भव्य शोभा यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी ने युवाओं से अपील की कि वे शोभा यात्रा के दौरान फरसे लेकर न चलें और श्रद्धा के साथ यात्रा में शामिल होकर भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। शनिवार को सनातन धर्म सभा भवन में जिला पंचायत सदस्य स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज की अध्यक्षता में ब्राह्मण समाज के गणमान्य नागरिकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज ने कहा कि रविवार को नगर क्षेत्र में निकाली जा रही शोभा यात्रा को लेकर समाज में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। बैठक में श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा व अन्य तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने बताया कि रविवार को टाउनहाल परिसर में प्रातः 9 बजे हवन और प्रातः 10 बजे भगवान परशुराम जी की भव्य शोभा यात्रा प्रारम्भ होगी। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा टाउनहाल से प्रारम्भ होकर मालवीय चौक, अंसारी रोड, नावल्टी चौक, आबकारी रोड, हनुमान चौक, भगत सिंह रोड, शिवचौक, झांसी की रानी, सदर बाजार होते हुए वापस टाउनहाल पर संपन्न होगी। शोभायात्रा में प्रसिद्ध बैंड व भव्य तथा आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी। शोभा यात्रा में जनपद के साथ दूरदराज के अनेक गणमान्य नागरिक शामिल होकर भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर व्यापारी नेता संजय मिश्रा, रवि शर्मा, रमन शर्मा, पंडित ऋषभदेव शर्मा, सरनदीप कौशिक, सुशील, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, चन्द्रमणि शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुभाष चंद शर्मा, रोहित शर्मा, अमित शर्मा, सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा देवी डिग्री कॉलेज

(माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्ध)

आवश्यकता है

B.A.- हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र। B.Com और BCA कोर्स।

असिस्टेंट प्रोफेसर व लाईब्रेरियन हेतु UGC एवं राज्य सरकार के नियमानुसार अर्ह अभ्यर्थियों से सादे कागज पर फोटो सहित आवेदन आमंत्रित हैं। 06 मई 2025 सायंकाल तक प्राप्त आवेदन ही स्वीकृत होंगे। आवेदन शिक्षा देवी डिग्री कॉलेज कार्यालय और ईमेल:- infoshikshadevi@gmail.com या WhatsApp No. 9917327777 पर भी कर सकते हैं। साक्षात्कार हेतु कॉलेज द्वारा अपेक्षित अभ्यर्थियों को सूचित कर दिया जायेगा। अन्य जानकारी हेतु दूरभाष नं० 9917327777 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य 9837409707 | सचिव 9412126768

8 वाँ किमी० मंसूरपुर- शाहपुर रोड, निकट राखी पब्लिक स्कूल, सोहंजनी तगान, मुजफ्फरनगर।

Email-infoshikshadevi@gmail.com / www.shikshadevidegreecollege.co.in

इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड के उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को

हार्दिक शुभकामनाएं

### S.D. GROUP OF COLLEGES

(Under the Aegis of SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)  
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]

Register Now for 2025-26

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES — MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.) BBA BCA D.El.Ed. (BTC) — 8937095004/06/07/08/14

S.D. COLLEGE OF COMMERCE — M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio) B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(PCMBZ) — 8937095005/ 13

S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES  
*NBA ACCREDITED*  
M.PHARM B.PHARM D.PHARM — 8937095011/ 27

S.D. COLLEGE OF LAW — B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B. — 9837556545 / 9897259855 / 9927275998

REGISTER ONLINE @ www.sdgroupofcolleges.edu.in

Our Partners: BAJAJ FINSERV, ICWAI, NIELIT, UNNAT BHARAT ABHIYAN

NCC / Rover Ranger / Unnat Bharat Abhiyan

आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन RADIO SD 90.8 FM

Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar  
Mob.- 8937095012

### पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे के गोलीबारी; भारतीय सैनिकों ने दिया माकूल जवाब

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (वार्ता)** कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से कई चौकियों से बिना उकसावे के गोलीबारी की गई, जिसका भारतीय सैनिकों ने माकूल जवाब दिया। भारतीय सेना के अनुसार, 25 और 26 अप्रैल की दरम्यानी रात को कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई पाकिस्तानी सेना की चौकियों से बिना उकसावे के छोटी गोलीबारी की गई। भारतीय सैनिकों ने छोटे हथियारों से उचित जवाब दिया। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद यह लगातार दूसरा दिन है, जब पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी की गई।

### मिर्जापुर: एंबुलेंस पर पलटा गिट्टी से लदा ट्रक, गर्भवती महिला सहित चार की मौत

**मिर्जापुर, 26अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र के छातो त्रिमोहानी के पास शनिवार को एंबुलेंस पर एक गिट्टी लदे ट्रक के पलट जाने से एंबुलेंस में सवार गर्भवती महिला एवं उसकी मां सहित चार लोगों की मृत्यु हो गई। एंबुलेंस सोनभद्र से एक महिला को वाराणसी डिलीवरी के लिए जा रही थी। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है। पुलिस उपाधीक्षक मंजरी राव ने बताया कि शनिवार दोपहर सोनभद्र जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के कन्हरा गांव निवासी सूरजबली खरवार (26) और हीरावती देवी (25) तथा जुगैल थाना क्षेत्र के जुगैल कोठी निवासिनी मालती देवी (45) एक निजी एंबुलेंस से गर्भवती हीरावती की डिलीवरी के लिए जा रहीं थी। गर्भवती महिला की मां मालती देवी एवं पति कौशल तथा रिश्तेदार सूरज वाराणसी किसी अस्पताल में जा रहे थे।

### भारत, पाकिस्तान किसी न किसी तरह से इसे स्वयं ही सुलझा लेंगे : ट्रम्प

**वाशिंगटन/नई दिल्ली, 26 अप्रैल (वार्ता)** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा से बहुत तनाव रहा है, लेकिन दोनों देश ''किसी न किसी तरह से इसे स्वयं ही सुलझा लेंगे''।



पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बारे में रोम जाते समय एयरफोर्स वन में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''मैं भारत के बहुत करीब हूँ, और मैं पाकिस्तान के भी बहुत करीब हूँ। जैसा कि आप जानते हैं कि कश्मीर में उनकी लड़ाई एक हजार साल से चल रही है, यह एक हजार साल से चल रही है, शायद उससे भी ज्यादा समय से।और कल एक बहुत बुरा हमला हुआ, बहुत बुरा, 30 से ज्यादा लोग मारे गए''। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था।

### अनंतनाग में पहलगाम हमले के बाद 175 लोग हिरासत में लिए गए

**श्रीनगर,26 अप्रैल (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने अनंतनाग जिले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए पूछताछ के लिए करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि पिछले चार दिनों में अनंतनाग पुलिस, सेना, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और अन्य एजेंसियों की संयुक्त टीमें संदिग्ध ठिकानों और सहायता नेटवर्क को निशाना बनाते हुए पूरे जिले में व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रही हैं। पुलिस के एक बयान में कहा गया है, "इन अभियानों के तहत पूरे जिले में कई स्थानों पर छापे मारे गए। कड़ी सतर्कता के साथ दिन-रात तलाशी अभियान चल रहा है। अब तक आतंकवादी गतिविधियों में सहायता करने वाले सहायता नेटवर्क को खत्म करने के लिए पूछताछ के लिए करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।"

### दक्षिण कश्मीर में तीन आतंकवादियों के घर "विस्फोटकों का उपयोग करके" ध्वस्त किए गए

**श्रीनगर, 26 अप्रैल (वार्ता)** दक्षिण कश्मीर में तीन और आतंकवादियों के घरों को ''विस्फोटकों का उपयोग करके'' ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रात के दौरान पुलवामा, शोपियां और कुलगाम में आतंकवादियों के तीन घरों को उड़ा दिया गया। उन्होंने कहा, ''हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के सिलसिले में, रात के दौरान दक्षिण कश्मीर में आतंकवादियों के तीन घर विस्फोट में क्षतिग्रस्त हो गए।'' पहलगाम हमलावरों में शामिल होने के संदेह में 24-25 अप्रैल की रात के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के घरों को दक्षिण कश्मीर में ''विस्फोटकों का उपयोग करके ध्वस्त कर दिया गया''।

### बलूचिस्तान में नौ आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद, 26 अप्रैल (वार्ता)** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में नौ आतंकवादी मारे गए है। आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के अनुसार आतंकवादियों की मौजूदगी की खबर के बाद पिशिन जिले के खानोई बाबा इलाके में चलाए गए अभियान में छापेमारी के दौरान गोलीबारी हुई । मुठभेड़ में नौ आतंकी मारे गए। सुरक्षा बलों ने छापेमारी कर भारी मात्रा में स्वचालित हथियार, ग्रेनेड और गोला-बारूद सहित हथियारों और विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है ।

## कुशीनगर में नहीं उतरा अखिलेश यादव का विमान, लैंडिंग से ठीक पहले रोकने पर भड़के सपाई

**कुशीनगर, 26 अप्रैल (एजेंसी)।** अखिलेश यादव शनिवार सुबह करीब 10 बजे लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से निजी विमान के जरिए कुशीनगर के लिए रवाना हुए थे, जब उनका विमान कुशीनगर पहुंचने ही वाला था, तभी एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से सूचित किया गया कि सिग्नल न मिलने के कारण लैंडिंग संभव नहीं है। इस सूचना के बाद विमान को गोरखपुर की ओर मोड़ दिया गया। गोरखपुर पहुंचने के बाद अखिलेश यादव सड़क मार्ग से कुशीनगर के लिए रवाना हो गए। एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से सूचित किया गया कि सिग्नल न मिलने के कारण लैंडिंग संभव नहीं है। उधर कुशीनगर एयरपोर्ट पर अखिलेश यादव के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में मौजूद सपा कार्यकर्ताओं को जैसे ही विमान की लैंडिंग रद्द होने की जानकारी मिली वे गुस्से में आ गए। कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर प्रदर्शन करते हुए प्रशासन पर लापरवाही और खामियां छिपाने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि जानबूझकर सिग्नल में गड़बड़ी बताकर विमान को लैंड नहीं करने दिया गया।



## बसों में बैग से आभूषण चोरी करने वाले तीन चोर पकड़े

**जानसठ, 26 अप्रैल (बु.)।** रोडवेज और प्राइवेट बसों में यात्रियों के बैग से कीमती आभूषण चोरी करने वाले गिरोह के तीन चोरों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों चोरों से सोने के एक जोड़ी कंगन, दो जोड़ी झुमके व एक सोने की अंगूठी बरामद की, जिनकी कीमत दो लाख पच्चीस हजार रुपये बताई गई है। शनिवार को कोतवाली में सीओ रवि शंकर ने पत्रकारों को बताया कि 20 अप्रैल को मुजफ्फरनगर से बिजनौर जा रही रोडवेज बस में मोहल्ला मीरा सराय, थाना नहटौर, जिला बिजनौर निवासी कलीम अहमद पुत्र फरीद अहमद बैग से लाखों रुपये की ज्वैलरी चोरी कर ली थी। कलीम अहमद को गांव सालारपुर के पास चोरी की घटना का पता चला, जब उसने अपने बैग की चेन को खुला पाया। कलीम ने तुरंत बस रुकवा कर चोरी की सूचना जानसठ पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने अपनी छानबीन शुरू कर दी। कैमरे की मदद से पुलिस ने आरोपियों की कार की पहचान की। शुक्रवार को पुलिस ने तीनों चोरों मौहल्ला कुरेशी, थाना अमरोहा निवासी राशिद पुत्र जमील, शकील पुत्र छोटे और वसीम अहमद पुत्र शमीम अहमद को गांव गढ़ी तिराहे से नया गांव तिराहे की तरफ जाने वाले रास्ते पर कोल्हू के पास से चोरी किए गए सामान के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरों के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त कार सहित करीब दो लाख पच्चीस हजार रुपये के आभूषण बरामद किए। सीओ रवि शंकर ने बताया कि उक्त चोरों ने ककरौली क्षेत्र में भी एक चोरी की घटना को इसी तरह अंजाम दिया था। इसके अलावा भी इनके अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है। उन्होंने कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा सहित पूरी टीम को बधाई दी है।



### लाहौर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मची, उड़ानें बाधित

**लाहौर 26 अप्रैल (वार्ता)** पाकिस्तान में लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी और सभी उड़ानें रद्द कर दी गयी। घटना में किसी के हताहत या घायल होने की रिपोर्टें नहीं है। आग लगने से हवाई अड्डे पर मौजूद नागरिकों में अफरा-तफरी मच गयी, जिसके कारण निकासी और अन्य कर्मचारियों के संचालन में बाधा उत्पन्न हुई। आग लगने का कारणों का अभी पता नहीं चला है। हवाई अड्डे के अधिकारी फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। यह हवाई अड्डा देश के कुछ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों में से एक है और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एक महत्वपूर्ण टर्मिनल के रूप में कार्य करता है।

### कार की चपेट में आने से मां-बेटी की मृत्यु तथा पांच घायल

**गोरखपुर, 26 अप्रैल (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गुलहरिया थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में सडक के किनारे सो रहे कल देर रात में कार के चपेट में आने से एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गये जिसमें मां और बेटी की मुत्यु हो गयी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि एक ही परिवार के सात लोग रात में गर्मी की वजह से बाहर सडक के किनारे रात में खाना खाकर सो रहे थे । रात में सडक पर तेज गति से जा रही कार ने सात लोगों को रौद दिया जिसमें सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उपचार के लिए बाबा राघवदास मेडिकल कालेज लाया गया जहां सइदा खातुन (35) और उसकी बेटी सुफिया (15) की मौत हो गयी। कार में बराती सवार थे। पुलिस मौके पर पहुंचकर कार को कब्जे में कर एक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और कार को कब्जे में कर लिया है।

## जनपद में बढ़ा गर्मी का प्रकोप, पारा पहुंचा 40 के पार





**मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)।** बीते कई दिनों से मौसम में जारी बदलाव के बीच इन दिनों प्रचंड गर्मी का प्रकोप लोगों को सताने लगा है, जिस कारण हीट स्ट्रोक का प्रकोप बहुत ज्यादा बढ़ गया है। ऐसे में अत्यधिक गर्मी के कारण जहां लोगों की सेहत बिगड़ने लगी है, वहीं दूसरी ओर जनपद में गर्मी की दस्तक के बीच पारा भी 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। ऐसी हालत में घर से बाहर निकलना दूभर होने लगा है। ऐसे हालातों में आसमान में सूर्यदेव के निकलते ही आग बरस रही है, जिसके चलते सुबह 10 बजे ही लोगों का घर से बाहर निकलना परेशानी का सबब बनने लगा है। शनिवार में मौसम विभाग के जारी तापमान के अनुसार अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री व न्यूनतम 20.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिल्ली-एनसीआर के साथ ही अब समूचे उत्तर भारत में भीषण गर्मी के साथ गर्म हवाओं के साथ लू के थपेड़ों से लोगों का घर से बाहर निकल पाना मुश्किल होने लगा है। मौसम में जारी बदलाव के बीच जिला चिकित्सालय के साथ-साथ प्राइवेट चिकित्सकों के यहां भी अब मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी के कारण लोगों को उल्टी-दस्त, बुखार, इंफेक्शन, सिर दर्द और सांस आदि के तमाम मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जनपद के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से मौसम के बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों के लिए वर्तमान में एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि मौसम में बढ़ते हुए तापमान की वजह से हीटवेव या लू लग सकती है, जिसके कारण शरीर की कार्यप्रणाली प्रभावित हो जाती है, जिससे मृत्यु तक हो सकती है, इसलिए इससे बचाव करना अत्यंत आवश्यक है। नागरिक थोड़ी सी सावधानी अपना कर अपना बचाव कर सकते हैं।

## 850 लीटर अंग्रेजी व देसी शराब का किया निस्तारण



**मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली पुलिस द्वारा आठ अलग अलग मुकदमों में कई तस्करों द्वारा पकड़ी गयी 850 लीटर अंग्रेजी व देसी शराब का निस्तारण शनिवार को कर दिया गया। नई मण्डी कोतवाली प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल का बताना है कि पुलिस ने कई माह पहले शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ एक अभियान चलाया था। अभियान के दौरान पुलिस ने कुल आठ मुकदमे दर्ज कर कई तस्करों को गिरफ्तार भी कर लिया था। जिनसे लगभग 200 लीटर कच्ची शराब व 650 लीटर अंग्रेजी व देसी शराब बरामद की गयी थी। शनिवार को एसएसपी अभिषेक सिंह के निर्देश पर नई मण्डी कोतवाली पुलिस द्वारा इस शराब का निस्तारण कराया गया। सीओ नई मण्डी रुपाली राय की देखरेख में कोर्ट के आदेश पर आठ मुकदमों में बरामद की गयी शराब को जेसीबी की मदद से गड्ढ़ा खुदवाकर नष्ट किया गया।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा 6 वर्ष बाद फिर से होने जा रही है शुरु

**नयी दिल्ली, 26 अप्रैल (वार्ता)** तिब्बत में स्थित कैलाश मानसरोवर की यात्रा छह वर्ष के बाद फिर से शुरू होने जा रही है और विदेश मंत्रालय ने इसके लिए पंजीकरण शुरू कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त के दौरान आयोजित की जाएगी। इस वर्ष 50-50 यात्रियों के कुल 15 बैच जाएंगे जिनमें से पांच बैच, उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे के रास्ते से और 10 बैच सिक्किम में नाथू ला दर्रे के रास्ते से जाएगी। लिपुलेख दर्रे से होकर जाने पर 22 दिन और नाथू ला दर्रे से होकर 21 दिन का समय लगेगा। विदेश मंत्रालय ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए बनी विशिष्ट वेबसाइट केएमवाई डॉट जीओवी डॉट इन पर पंजीकरण शुरू कर दिया है। यात्रियों का चयन आवेदकों में से एक निष्पक्ष, कंप्यूटर-जनित, यादृच्छिक और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। उत्तराखंड के रास्ते से जाने वाले यात्रियों को अब पैदल नहीं चलना पड़ेगा। लिपुलेख दर्रे तक सड़क बन गई है। उन्हें केवल सीमा पार करने के लिए करीब एक किलोमीटर ही चलना होगा। यात्रा की खर्च के बारे में वेबसाइट में बताया गया है कि उत्तराखंड वाले मार्ग के लिए लगभग एक लाख 74 हजार रुपये तथा सिक्किम के रास्ते से जाने वालों के लिए दो लाख 83 हजार रुपये प्रति यात्री का शुल्क लिया जाएगा।

## लखनऊ के केजीएमयू में मजार के पास लगी दुकाने हटाने पहुंचे डॉक्टरों पर बरसे ईंट-पत्थर, मचा हड़कंप

**लखनऊ, 26 अप्रैल (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंचे डॉक्टरों की टीम पर अचानक पत्थरों की बरसात कर दी गई। जानकारी के मुताबिक, डॉक्टर मजार के आसपास से दुकानों को हटाने की कार्रवाई कर रहे थे। इसी दौरान असामाजिक तत्वों ने विरोध करते हुए पथराव कर दिया। हमले में दो वरिष्ठ डॉक्टरों समेत कुल चार लोग घायल हो गए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और हालात को नियंत्रण में कर लिया गया है। केजीएमयू के नेत्र रोग विभाग के पास बनी एक छोटी सी मजार के आसपास पिछले कई वर्षों से अवैध तरीके से दुकानें खड़ी कर दी गई थीं। केजीएमयू प्रशासन का कहना है कि साल 1902 में बनी इस मजार के चारों ओर धीरे-धीरे अवैध कब्जा फैलता चला गया और लोग दुकानें और घर बनाने लगे। कई बार नोटिस देने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। केजीएमयू के लीगल एडवाइजर ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि कब्जाधारियों को अब तक 6 बार कानूनी नोटिस भेजे जा चुके हैं, मगर किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। अब प्रशासन ने तय किया है कि 26 अप्रैल को पूरे अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त किया जाएगा। 19 अप्रैल को एक अंतिम नोटिस जारी कर 5 दिन की मोहलत दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। शनिवार सुबह जब डॉक्टरों की टीम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पहुंची, तो वहां मौजूद अतिक्रमणकारियों ने अचानक हमला बोल दिया। पत्थरों की बौछार से दो वरिष्ठ डॉक्टरों सहित चार लोगों को गंभीर चोटें आईं। घायल डॉक्टरों को फौरन अस्पताल में भर्ती कराया गया और पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। घटना के बाद केजीएमयू के डॉक्टरों का गुस्सा फूट पड़ा। डॉक्टर केके सिंह ने चेतावनी दी कि अगर अतिक्रमण तत्काल नहीं हटाया गया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास तक मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल की जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केजीएमयू प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अस्पताल परिसर से हर हाल में अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पथराव करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और अस्पताल को हुए नुकसान की भरपाई भी इन्हीं लोगों से करवाई जाएगी। साथ ही 26 अप्रैल को निर्धारित कार्रवाई को किसी भी सूरत में रोका नहीं जाएगा।

### आतंकवादियों के 2 मददगार गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ताबड़तोड़ एक्शन लिए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में शनिवार को कुलगाम पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के साथ संयुक्त अभियान में दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। मतलहामा चौक थोकरपोरा, कैमोह में स्थापित एक चौकी पर जांच के दौरान, दो आतंकवादी सहयोगियों की पहचान बिलाल अहमद भट, पुत्र अब्दुल सलाम भट और मोहम्मद इस्माइल भट, पुत्र गुलाम मोहम्मद भट के रूप में हुई, जो दोनों थोकरपोरा, कैमोह के निवासी हैं। तलाशी के बाद, उनके कब्जे से 02 पिस्तौल, 25 पिस्तौल राउंड, 02 पिस्तौल मैगजीन सहित हथियार गोला-बारूद बरामद किया गया। घटना के संबंध में, पीएस कैमोह में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### गुजरात में 1024 अवैध बंगलादेशियों को पकड़ा

**अहमदाबाद, 26 अप्रैल (वार्ता)** गुजरात में पुलिस ने एक ही रात में 1024 अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को पकड़ा है। सरकार की ओर से शनिवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बीती रात अहमदाबाद पुलिस ने 890 और सूरत पुलिस ने 134 अवैध बंगलादेशी नागरिकों को पकड़ा है। इनमें से अधिकांश पश्चिम बंगाल के फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों में रह रहे थे। संयुक्त पूछताछ केंद्र में इनकी विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस ने बंगलादेशिशें को पहले भी नशीले पदार्थों, मानव तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया है। पकड़े गए चार बंगलादेशियों में से दो पर अल-कायदा स्लीपर सेल के रूप में काम करने का संदेह है। उनकी गतिविधियों की जांच जारी है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वेटिकन में पोप फ्रांसिस को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज वेटिकन में कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल हुईं। उन्होंने सेंट पीटर्स बेसिलिका में पोप के शव को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू, राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डिसूजा भी उपस्थित रहे। पोप का 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में स्ट्रोक और हृदय विफलता के कारण निधन हो गया। उनके शव को अंतिम दर्शन के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा गया है और आज अंतिम दर्शन का अंतिम दिन है। आज शाम उनके ताबूत को बंद किया जाएगा, जबकि उनका अंतिम संस्कार 26 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस अंतिम संस्कार में विश्वभर के नेता और आम लोग शामिल होंगे। पोप फ्रांसिस को वेटिकन में दफन नहीं किया जाएगा, जिससे वे एक सदी से अधिक समय में वेटिकन के बाहर दफन होने वाले पहले पोप बनेंगे। आमतौर पर, पोप को वेटिकन सिटी में सेंट पीटर्स बेसिलिका के नीचे स्थित गुफाओं में दफनाया जाता है, लेकिन पोप फ्रांसिस का अंतिम विश्राम स्थल रोम में टाइबर नदी के पार स्थित सांता मारिया मैगीगोर बेसिलिका होगा। उन्होंने दिसंबर 2023 में इस निर्णय का खुलासा करते हुए कहा था कि वे इस बेसिलिका से गहरा संबंध महसूस करते हैं, जहां वे अक्सर वर्जिन मैरी के सम्मान में रविवार की प्रार्थना के लिए जाते थे। सांता मारिया मैगीगोर में पहले से ही सात अन्य पोपों को दफनाया गया है, और पोप लियो जिनका निधन 1903 में हुआ था, अंतिम पोप थे, जिन्हें वेटिकन से बाहर दफनाया गया। अंतिम संस्कार समारोह में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया, फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों, जर्मन राष्ट्रपति फ्रैंक, निवर्तमान चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, रूसी संस्कृति मंत्री ओल्गा ल्यूबिमोवा, और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की तथा उनकी पत्नी ओलेना जेलेंस्का जैसे प्रमुख नेता शामिल होंगे।



GRAIN CHAMBER PUBLIC SCHOOL
Estd. 1985
(Affiliated to C.B.S.E., Affiliation No. 2130110)
New Mandi, Muzaffarnagar
REQUIRES
(1) PGT (English)-1 (2) TGT (English)-1 (3) PRT (Comp.)-1
Candidates having positive attitude, good subject knowledge and communication skills may apply latest by 30th April, 2025 on prescribed form available in Jr. & Sr. Wing Offices.
* Salary best in industry.
*Previous school salary will be protected.
ADMISSIONS OPEN 2025-26
In classes IX and XI (Commerce, Medical & Non- Medical Streams)
(Few Seats are available in Classes Play to VIII)
Jr. Wing: New Mandi, Muzaffarnagar : Ph. No.: 8899102141
Sr. Wing: Near Naveen Mandi Sthal, Muzaffarnagar: Ph. No.: 8899402549
Office Timings: 7:00 a.m. to 2:30 p.m.

